# बुलंदशहर जिले के 39 गांवों से गुजरेगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे

## सरकार से जल्द नोटिफिकेशन जारी होने की संभावना

संवाद न्यूज एजेंसी




**बुलंदशहर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास को एक नई ऊंचाई देने के लिए शासन ने बुलंदशहर में ग्रीनफील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण की कवायद तेज कर दी है। यह एक्सप्रेसवे न केवल जिले की कनेक्टिविटी सुधारेगा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों के नए द्वार भी खोलेगा।

जनपद में करीब 44 किलोमीटर से अधिक लंबे इस प्रोजेक्ट के लिए जिले की पांच तहसीलों के 39 राजस्व गांवों की लगभग 650 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत की जाएगी। शासन की ओर से जल्द ही इसका नोटिफिकेशन जारी होने की संभावना है। इसके बाद प्रशासन आपसी समझौते के आधार पर भूमि खरीदने की प्रक्रिया शुरू करेगा। इस मेगा प्रोजेक्ट के खाके के अनुसार, ग्रीनफील्ड लिंक एक्सप्रेसवे जिले की पांच तहसीलों सदर, खुर्जा, सिकंदराबाद, स्याना और शिकारपुर से होकर गुजरेगा। इसमें सबसे अधिक प्रभाव सदर तहसील पर पड़ेगा, जहां के 18 गांवों की जमीन इस परियोजना का हिस्सा बनेगी। वहीं, औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहे खुर्जा के 7 गांवों को इसमें शामिल किया गया है। शेष जमीन अन्य तीन तहसीलों के गांवों से ली जाएगी। शासन के निर्देशों के अनुसार, जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को विवाद मुक्त रखने के लिए प्रशासन आपसी समझौते की नीति अपनाएगा। शासन की ओर से धारा-4 के तहत जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। जिला प्रशासन सीधे किसानों से संवाद कर सर्किल रेट के आधार पर तय मुआवजे के साथ जमीन क्रय करेगा। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि अधिग्रहण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी, जिससे कि किसानों को उनकी जमीन का उचित हक मिल सके। ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट पूरी तरह से नए रूट पर बनाया जाएगा, जिससे मौजूदा ट्रैफिक पर दबाव कम होगा। साथ ही यह गंगा एक्सप्रेस वे को जेवर एयरपोर्ट से सीधा कनेक्ट करेगा। इसके अलावा भी यह लिंक एक्सप्रेस वे नेशनल हाईवे व स्टेट हाइवे को भी टच करेगा। जिससे दिल्ली-एनसीआर और लखनऊ की दूरी कम हो जाएगी।